# कांग्रेस के नए जिला अध्यक्ष पराग बाबा और ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश वैद्य की अग्नि परीक्षाः अपनों का साथ, अपनों का विश्वास सबसे बड़ी चुनौती

धर्मेंद्र खुराना ▶▶करनाल

कांग्रेस हाईकमान ने करनाल जिले की कमान पराग बाबा और ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी राजेश वैद्य को सौंपकर संगठन में नई ऊर्जा भरने का प्रयास किया है। लेकिन दोनों के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने ही दल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का विश्वास जीतना और संगठन में एकजुटता कायम रखना होगी।

पिछले कुछ वर्षों में करनाल कांग्रेस गुटबाज़ी और आपसी खींचतान के कारण कमजोर पड़ी है। कई बार बड़े नेता सार्वजनिक से एक-दूसरे पर कटाक्ष करते नज़र आए हैं, जिससे पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा।

ऐसे में पराग बाबा और राजेश वैद्य को न केवल पुराने गिले-शिकवे दूर करने होंगे, बल्कि सक्रिय और निष्क्रिय दोनों ही तरह के कार्यकर्ताओं को एक मंच पर लाना होगा।

## पराग बाबा का राजनीतिक सफर और विरासत

पराग बाबा पिछले 25 वर्षों से कांग्रेस के वफादार सिपाही रहे हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत यूथ कांग्रेस से की, इसके बाद प्रदेश



महासचिव की जिम्मेदारी संभाली और कई राज्यों में संगठनात्मक दृष्टि से अहम भूमिका निभाई। उनकी सक्रियता, राजनीतिक कुशलता और मेहनत ने उन्हें पार्टी में एक मजबूत पहचान दिलाई है। पराग बाबा को यह राजनीतिक विरासत उनके पिता, कांग्रेस के सच्चे सिपाही देशराज गाबा से मिली, जिन्होंने जीवनभर पार्टी के लिए निष्ठा और समर्पण से कार्य किया। आज पराग गाबा को जिला अध्यक्ष के रूप में यह जिम्मेदारी उनके लंबे संघर्ष और योगदान का सम्मान माना जा रहा है।

## राजेश वैद्य का राजनीतिक सफर

ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश वैद्य का राजनीतिक करियर भी विविध अनुभवों से भरा रहा है। 2009 में उन्होंने बीएसपी की टिकट पर लोस चुनाव लड़ा, हालांकि



उन्हें सफलता नहीं मिली। चुनाव हारने के बाद उसी वर्ष कांग्रेस का दामन थाम लिया। 2014 से 2020 तक वे हरियाणा लोक सेवा आयोग के सदस्य रहे और इस दौरान प्रशासनिक एवं चयन प्रक्रिया में भूमिका निभाई। उन्होंने पीसीसी डेलीगेट में प्रतिनिधि के रूप में सेवा दी और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सक्रिय सदस्य भी रहे। किसान मुद्दों, पंचायत चुनावों और ग्रामीण विकास के मामलों में उनकी पकड़ मजबूत मानी जाती है, और वे कई बार पार्टी के लिए गांव-गांव जाकर प्रचार अभियानों का नेतृत्व कर चुके हैं।

### नाम पहले ही तय, 27 जुलाई को बना व्हाट्सएप ग्रुप

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, पराग बाबा का नाम जिला अध्यक्ष पद के लिए लगभग एक माह पहले ही तय हो गया था। यहां तक कि 27 जुलाई को एक विशेष व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया, जिसमें प्रमुख पदाधिकारियों और करीबी कार्यकर्ताओं और मीडिया को जोड़ा गया था। इस ग्रुप में संगठनात्मक दिशा, भावी रणनीति और कार्यक्रमों को लेकर प्रारंभिक चर्चा भी शुरू हो चुकी थी।

## दोहरी चुनौती और उम्मीदें

दोनों नेताओं के करीबी मानते हैं कि वे अपने मिलनसार स्वभाव और संवाद क्षमता के बल पर गुटबाज़ी को कम कर सकते हैं। लेकिन पार्टी के कुछ पुराने धड़े, जो खुद भी इन पदों की दौड़ में थे, उनके लिए सहयोग का रुख अपनाते हैं या नहीं-यह आने वाले समय में तय होगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2029 के विधानसभा चुनाव की तैयारी से पहले कांग्रेस को "अपने घर" को सहेजना होगा। अगर पराग बाबा और राजेश वैद्य अपनों का विश्वास जीतने में सफल रहते हैं, तो संगठन को नई दिशा मिल सकती है। लेकिन अगर आंतरिक मतभेद सुलझे नहीं, तो यह नियुक्तियां भी पुराने समीकरणों में उलझ सकती हैं।

**पहली परीक्षाः** पार्टी सूत्रों के अनुसार, जल्द ही जिला और ग्रामीण जिला स्तर पर अलग-अलग बैठकें बुलाकर ब्लॉक अध्यक्षों, पूर्व पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं से संवाद किया जाएगा। यह बैठकें दोनों के नेतृत्व की पहली बड़ी परीक्षा मानी जा रही हैं और इनसे आने वाले राजनीतिक समीकरण काफी हद तक तय होंगे।

### एक ही घर के सदस्य पक्ष और विपक्ष

कांग्रेस द्वारा पराग बाबा को पद देने के बाद राजनीतिक हलकों में दिलचस्प चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। खास बात यह है कि पराग बाबा के बड़े भाई प्रवेश गाबा लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े रहे, लेकिन हाल ही में उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। बीते दिनों हुए चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं प्रवेश गाबा के निवास स्थान पर पहुंचे और उन्हें भाजपा में औपचारिक रूप से शामिल किया। अब यह राजनीतिक समीकरण एक अनोखा उदाहरण बन गया है, जहां एक ही घर के सदस्य अलग-अलग दलों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं एक सत्ताधारी दल में और दूसरा विपक्ष में। स्थानीय राजनीति में इसे लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएँ सामने आ रही हैं और लोग इसे करनाल की सियासत में "घर-घर की पार्टी" का नया किस्सा मान रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### सहकारी चीनी मिल में तीन को नियुक्ति पत्र

**करनाल।** सहकारी चीनी मिल करनाल की प्रबंध निदेशक अदिति ने यूनियन की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए 2 कर्मचारियों के आश्रितों को और 1 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी को एक्स ग्रेसिया के तहत नियमित नियुक्ति पत्र सौंपे। मौके पर यूनियन प्रधान राकेश कुमार, महासचिव गुरमीत सिंह, कर्मचारी निदेशक राजपाल लाठर, वरिष्ठ तकनीशियन दासी शिवा राजू, साहब राम, विनोद कुमार, शेखर राठी, उप मुख्य अभियंता वीरेंद्र बल्हारा, सेल्स मैनेजर अनिल गुप्ता और लेखा अधिकारी मनीष शर्मा मौजूद रहे।

### ऊंचा समाना में जागरूकता शिविर

**करनाल।** जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ऊंचा समाना में जागरूकता शिविर हुआ। सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि अभियान के तहत जिले में हैल्प डेस्क लगाकर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। शिविर में इंस्पेक्टर राजेशलता ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, माता-पिता के सम्मान, हेल्पलाइन नंबर 112 और पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी।

### गांव का भविष्य पंचायत प्रतिनिधियों के हाथ

**नीलोखेड़ी/करनाल।** राजीव गांधी राज्य पंचायती राज एवं सामुदायिक विकास संस्थान में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. विरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि लोकतंत्र की धड़कन हैं और सरकार की योजनाओं का लाभ सक्रिय प्रयासों से ही संभव है।

### तरावड़ीः हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत

**तरावड़ी।** तरावड़ी आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को अपने कार्यालय पर तिरंगा फहरा कर अभियान का शुरूआत किया। सुभाष गुप्ता ने कहा कि तिरंगा हमारी स्वतंत्रता, एकता और समृद्धि सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान जन-जन तक पहुंचकर बना राष्ट्रभक्ति का महाअभियान।

## महापौर रेनू बाला गुप्ता की अध्यक्षता में हुई विशेष बैठक

# पार्षद सुदेश रानी व सुभाष चंद सर्वसम्मति से वित्तीय एवं कांट्रेक्ट कमेटी के लिए नामांकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

नगर निगम करनाल के सभागार में बुधवार को हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 40(3) के तहत वित्तीय एवं काँट्रैक्ट कमेटी के गठन हेतू दो सदस्यों को नामांकित करने के लिए विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महापौर रेनू बाला गुप्ता ने की।

बैठक में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, वार्ड 18 के पार्षद को छोडक़र शेष सभी पार्षद व मनोनीत पार्षद, अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, मुख्य नगर योजनाकार धर्मपाल सिंह तथा अधिकारीगण मौजूद रहे।




विधायक जगमोहन आनंद, महापौर रेनू बाला गुप्ता, निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा व सभी पार्षदों ने दी बधाई

**यह रही बैठक की प्रक्रियाः** बैठक में महापौर की अनुमति से अतिरिक्त निगम आयुक्त ने वित्तीय एवं काँट्रैक्ट कमेटी के गठन हेतू दो सदस्यों को नामांकित करने का प्रस्ताव पड़ा, जिस पर महापौर ने सदस्यों के लिए पार्षदों से नाम मांगे। इस पर वार्ड 16 की पार्षद रानी ने वार्ड 1 की पार्षद सुदेश रानी के नाम का मत रखा, जिसका अनुमोदन वार्ड 8 के पार्षद संकल्प भंडारी ने किया। इस पर सभी पार्षदों ने सहमति जताई। इसके बाद दूसरे सदस्य का नाम नामांकित करने के लिए वार्ड 7 के पार्षद जोगिन्द्र शर्मा ने वार्ड 5 के पार्षद सुभाष चंद के नाम का मत रखा, जिसका अनुमोदन वार्ड 20 के पार्षद राम सुधीर ने किया। इस पर सभी पार्षदों ने एकमत से सहमति जताई। इस प्रकार उपरोक्त कमेटी के लिए वार्ड 1 की पार्षद सुदेश रानी और वार्ड 5 के पार्षद सुभाष चंद का सर्वसम्मति से कमेटी के सदस्य के रूप में चयन हुआ। इस अवसर पर विधायक व महापौर ने दोनों शुभकामनाएं दी।

### शहर में बड़ी परियोजनाएं जल्दी शुरू होंगी

महापौर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि कमेटी के गठन के पश्चात शहर में बड़ी परियोजनाएं जल्दी शुरू की जा सकेंगी। उन्होंने पार्षदों को बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में चण्डीगढ़ में हुई उच्च स्तरीय बैठक में करनाल शहर के विकास के लिए 15 करोड़ 30 लाख के प्रोजेक्ट अप्रूव किए गए। इस राशि से दिव्य नगर योजना की दो बड़ी परियोजनाओं पर कार्य किया जाएगा। एक परियोजना में शहर की 8 मुख्य सडक़ों को सुदृढ़ एवं सौंदर्यकरण तथा दूसरी परियोजना के तहत 20 पार्क व 16 चौक-चौराहों का सौंदर्यकरण किया जाएगा । सेक्टर- 6, 7, 13 व 14 की ग्रीन बेल्ट में मरम्मत कार्यों व उसके उचित रख-रखाव के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की बागवानी शाखा की ओर से 222 लाख का अनुमान तैयार किया गया था, जिसका डिटेल एस्टीमेट, हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क पोर्टल पर सक्षम प्राधिकारी के स्तर पर अनुमोदन की प्रक्रिया में है। अनुमोदन के बाद ग्रीन बेल्ट में मरम्मत इत्यादि कार्य होंगे।

**कमेटी में यह होते हैं सदस्यः** बता दें कि वित्तीय एवं काँट्रैक्ट कमेटी में नगर निगम आयुक्त के अतिरिक्त 5 सदस्य होते हैं, जिनमें महापौर, वरिष्ठ उप महापौर, उप महापौर तथा दो नामांकित पार्षद होते हैं। इस कमेटी के अध्यक्ष महापौर होते हैं। बैठक में विधायक जगमोहन आनंद ने दोनो पार्षदों को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते कहा कि वह पूरी निष्ठा, पारदर्शिता व ईमानदारी के साथ अपना कार्य करें और शहर के विकास में अहम योगदान दें। उन्होंने यह कमेटी शहर के विकास कार्यों में अहम रोल अदा करेगी, जिससे शहर में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ बड़ी-बड़ी परियोजनाएं लाकर करनाल शहर को चार चांद लगाने का कार्य करेगी।

### बुद्धा कॉलेज में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम

करनाल। बुद्धा कॉलेज के इग्नू अध्ययन केंद्र में "हर घर तिरंगा" अभियान के अंतर्गत देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य "हर घर तिरंगा" अभियान की भावना को प्रोत्साहित



करना और विद्यार्थियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना जगाना था। पोस्टरों में तिरंगे की महिमा, स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों की याद और राष्ट्रीय एकता का संदेश झलक रहा था। इग्नू कोऑर्डिनेटर दीपाली और गिरिराज ने कार्यक्रम का संचालन किया। कॉलेज निदेशक नितेश गुप्ता ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और देशभक्ति की सराहना की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रिजवान, डॉ. प्रीति गुणवाल, प्राध्यापिका मुकेश रानी, सुषमा शर्मा, अरविंद शर्मा, पृथ्वी कुमार, साहिल, वरिष्ठ प्राध्यापक जितेंद्र शर्मा, सहायक प्राध्यापिका अनीता वर्मा, एवं प्रशासनिक अधिकारी मनीष कुमार उपस्थित रहे। विजेता विद्यार्थियों में कुमारी नेहा शर्मा, पवन मलिक, आस्था चौधरी और अंशुल सिंह को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय ध्वज के महत्व और उसकी गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया।

### गांव अंजनथली तक गूंजे भारत माता के जयकारे

एमएचयू के बागवानी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा की अगुवाई निदेशक छात्र कल्याण प्रो. रंजन गुप्ता और डीन प्रो. रमेश गोयल ने की। विद्यार्थी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत माता के जयकारे लगाते हुए महाविद्यालय से गांव अंजनथली तक पहुंचे। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अजय कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजकुमार, डॉ. युवराज, गोपीनाथ कसाल, सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार, ज्योति राठी और छात्र नेता अमनदीप सिंह भी मौजूद रहे।

### गुरु नानक खालसा कॉलेज की तिरंगा यात्रा



करनाल। गुरु नानक खालसा कॉलेज की एनएसएस इकाइयों ने प्राचार्य डॉ. चूहड़ सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली। हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का प्रतीक है। डॉ. अजय कुमार और प्रो. प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों विद्यार्थियों ने शहर की विभिन्न सड़कों पर देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा निकाली। डॉ. अजय अहलूवालिया ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और भाईचारे की भावना पैदा करते हैं। कार्यक्रम में डॉ. बलजीत कौर, डॉ. दीपक काम्बोज, प्रो. अनमोल सिंह, श्री वजीर सिंह, डॉ. देवी भूषण, डॉ. जुझार सिंह, डॉ. अमरजीत कौर, प्रो. प्रियंका और एनएसएस स्वयंसेवक पायल, सोनू, जतिन, सिमरन व राहुल मौजूद रहे।

### हर घर तिरंगा व 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम

**करनाल।** नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) और माई भारत के निर्देशानुसार निफा इंद्री महिला विंग अध्यक्ष व राज्य युवा अवार्डी नीरू देवी की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में 'हर घर तिरंगा' रैली व 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या वंदना चावला, प्राध्यापक सुरेंद्र कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता जगदीप कटारिया सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। वक्ताओं ने 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया और पौधारोपण के महत्व पर जोर दिया। नीरू देवी ने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान-शान है और इसकी रक्षा हर भारतीय का कर्तव्य है। स्कूल के हर्बल पार्क में 11 पौधे लगाए गए।

### प्रताप पब्लिक स्कूलः टग ऑफ़ वड्र्स वॉर वाद-विवाद स्पर्धा

**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता टग ऑफ़ वड्र्स वॉर का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की निर्देशिका पिथि चौधरी एवं प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस प्रतियोगिता को दो वर्गों में आयोजित किया गया। पहले वर्ग में कक्षा पांचवी से सातवीं के छात्रों ने अपनी वाकपटुता का परिचय दिया। दूसरे वर्ग में कक्षा आठवीं से नौवीं के छात्रों ने विचारों का रोचक एवं संतुलित आदान-प्रदान किया। प्रतियोगिता में दो टीम रही। जिसमें पक्ष की टीम लॉजिक लीग और विपक्ष की टीम क्लैश किंग्स थी। दोनों टीमों ने अपने-अपने दृष्टिकोण को मजबूती और आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया। पहले वर्ग के पांचवी से सातवीं तक के छात्रों ने तर्क और तथ्यों से भरी बहस में लॉजिक लीग (पक्ष) ने विजयी स्थान प्राप्त किया तथा दूसरे वर्ग के आठवीं से नौवीं तक के छात्रों में क्लैश किंग्स (विपक्ष) ने विजय प्राप्त की। पहले वर्ग में वृद्धि चौहान सर्वश्रेष्ठ वक्ता तथा युक्ति और मिष्टी त्यागी रनर अप घोषित हुई और दूसरे वर्ग में आरोहि त्यागी को सर्वश्रेष्ठ वक्ता और याना को रनर अप, कीर्ति व गीतिका ग्लीमिंग स्टार व संध्या ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने छात्रों की प्रस्तुति कौशल की सराहना की। अंत में निर्देशिका पिथि चौधरी ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

### गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तिरंगा अभियान

**तरावड़ी।** गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान के रूप में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढकर कर भाग लिया। बच्चों ने तिरंगे के रंगों में विभिन्न कला और शिल्प गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने तिरंगा झंडा बनाना, तिरंगे के रंगों में चित्रकारी करना, श्यामपट्ट सजाना, सूचना पट्ट सजना और विद्यालय के प्रांगण को तिरंगे के रंगों से सजाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रागिनी राय ने छात्रों को तिरंगे के महत्व और राष्ट्रीय एकता के बारे में प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंधक महोदय बालकृष्ण त्रिपाठी बच्चों को इस कार्यक्रम में बढ़ चढकर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## फुल ड्रेस रिहर्सल में डीसी ने किया ध्वजारोहण



**करनाल।** करनाल की नई अनाज मंडी में बुधवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। डीसी उत्तम सिंह ने समारोह स्थल पर ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसपी गंगाराम पूनिया, एसडीएम अनुभव मेहता, सीटीएम मोनिका शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। रिहर्सल कार्यक्रम की शुरुआत डीसी उत्तम सिंह के शहीदी स्मारक पहुंचकर पुष्पचक्र अर्पित करने और शहीदों को नमन करने से हुई। इसके बाद वे नई अनाज मंडी पहुंचे, जहां परेड कमांडर एएसपी कांची सिंघल (आईपीएस) के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस के जवान, होमगार्ड, एनसीसी आर्मी विंग, स्काउट एवं गाइड्स की टुकड़ियों ने मार्च पास्ट करते हुए सलामी मंच के सामने से गुज़रते हुए ध्वजारोहण को सलामी दी। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा पीटी शो और देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गुरुकुल नीलोखेड़ी के छात्रों ने पारंपरिक मलखम्ब का अद्भुत प्रदर्शन किया, जबकि पार्थ पब्लिक स्कूल घरौंडा, डीएवी स्कूल पुलिस लाइन, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दून इंटरनेशनल स्कूल, डीएवी मधुबन के विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम की झलक प्रस्तुत की। राजकीय विद्यालयों की छात्राओं ने हरियाणवी लोकनृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया। डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह नई अनाज मंडी में आयोजित होगा, जिसमें हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ध्वजारोहण करेंगे। मुख्य अतिथि इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करेंगे। उपमंडल स्तर पर भी समारोह होंगे।

### घरौंडा में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

घरौंडा। आज यहां अनाज मंडी घरौंडा में 79 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल आयोजित की गई। इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद हरियाणा पुलिस, राजकीय कॉलेज ज्ञानपुरा, सेंचुरी स्कूल, राजकीय मॉडल स्कूल घरौंडा की एनसीसी टुकडियों, आर्य सीनियर सेकंडरी स्कूल की एनसीसी(एयर विंग) और महाराणा प्रताप स्कूल की टुकड़ी और आरएसलएस स्कूल कालरों की बैंड टुकड़ी ने मार्च पास्ट में भाग लिया। मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली। इसके बाद राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने डंबल, लेजियम व मॉस पीटी का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में केडीएम की छात्राओं ने स्वागत गीत, मून स्टार और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य पेश किया। एमआईपीएस, पार्थ पब्लिक स्कूल, यूनिवर्सल अकादमी, केडीएम स्कूल, महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल, मून स्टार स्कूल ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## घरौंडा में भव्य तिरंगा यात्रा, स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने किया नेतृत्व, शहीद परिवारों को किया सम्मानित



**घरौंडा।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को एक ऐतिहासिक और भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का नेतृत्व विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्र के विधायक हरविंद्र कल्याण ने स्वयं किया।

रेलवे स्टेशन से आरंभ हुई यह तिरंगा यात्रा लगभग दस किलोमीटर लंबे मार्ग पर निकाली गई। यात्रा में हजारों मोटरसाइकिलों का विशाल काफिला शामिल था, जिसमें शहरवासी और ग्रामीण दोनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के स्वागत में रेलवे रोड और मार्ग के अन्य हिस्सों पर भव्य स्वागत द्वार सजाए गए थे। जगह-जगह पर लोगों ने फूल वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। पूरे शहर में 'भारत माता की जय', 'देश के शहीद अमर रहें' जैसे गगनभेदी नारे गूंजते रहे। लोगों के हाथों में लहराते हजारों तिरंगे पूरे माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग रहे थे। मधुबन स्थित पक्के पुल पर यात्रा का समापन हुआ।

## तिरंगा सम्मान व आन बान शानः प्रमोद बंसल



**तरावड़ी।** तिरंगा हर भारतवासी का सम्मान व आन बान शान है। देश के प्रति सौहार्द और समर्पण की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से आजादी के दीवानों क्रांतिकारी और वीर सैनिकों को याद करते हुए आजादी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये। यह शब्द उद्योगपति प्रमोद बंसल ने कहे। जी वी राइस मिल के प्रमोद बंसल व विनीत बंसल सयुक्त रूप से कहा कि तिरंगा हर भारतवासी का गौरव और सम्मान है। हजारों सालों के संघर्ष के बाद हजारों लोगों की कुर्बानियां के परिणाम स्वरूप हमें आजादी मिली है। उन सब के प्रति हमारी कृतज्ञता प्रकट करते हुए हर घर तिरंगा महोत्सव में आम जन मानस देश भक्ति की भावना से जुडक़र अपने अपने घरों में तिरंगा फहराये।

## पुराने सुर, नए बीट्सः 'अग्ग पानिया च' का नया अंदाज़

हरिभूमि न्यूज ▶▶करनाल

सिंगर-लिरिसिस्ट सावी काहलों और उभरती स्टार शहत गिल ने पंजाबी म्यूज़िक के क्लासिक गीत 'अग्ग पानिया च' को नए रूप में पेश किया है। इस गाने में सुरिंदर कौर की अमर आवाज़ को बरकरार रखते हुए अफ्रीकी बीट्स जोड़ी गई हैं, जो इसे आधुनिक और ताज़ा अहसास देती हैं। वीडियो में पंजाबी एक्ट्रेस और मॉडल अवीरा सिंह मैसन की खूबसूरत अदाएं गाने में चार चांद लगाती हैं। द मास्टर्ज़ के प्रोडक्शन में तैयार यह गाना पुराने दौर की आत्मा और नए जमाने की रिदम का बेहतरीन संगम है। 'बीएएमबी' और 'हुलारे' जैसे हिट गानों के बाद शहत गिल, और 'जरूर' व 'आपां फेर मिलांगे' जैसे दिल छूने वाले गीतों के लिए मशहूर सावी काहलों की यह साझेदारी, हर पीढ़ी के संगीतप्रेमियों को जोड़ने वाली कड़ी साबित हो रही है। सावी की भावपूर्ण गायकी और शहत की मस्तीभरी आवाज़ इसे सुनते ही दिल में उतर जाने वाला गाना बना देती है।

## एमएचयू में एंटी-रैगिंग सप्ताह का शुभारंभ

# कुलपति ने दिए मित्रता और सम्मान के संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶करनाल

महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चरल यूनिवर्सिटी (एमएचयू) करनाल में कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा के नेतृत्व में एंटी-रैगिंग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा, सम्मान और समावेशिता की संस्कृति को बढ़ावा देना है। कुलपति प्रो. मल्होत्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रैगिंग जैसी कुप्रथाओं को रोकने के लिए केवल नियम पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि विद्यार्थियों की मानसिकता में बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि एमएचयू का हर कोना सम्मान, करुणा और आपसी विश्वास की मिसाल बने, यही हमारा संकल्प है।

निदेशक छात्र कल्याण प्रो. रंजन गुप्ता ने रैगिंग को गरिमा का हनन बताते हुए कहा कि यह मानसिक आघात और स्थायी चोट पहुंचा सकती है, इसलिए सभी छात्रों को नए साथियों के लिए आदर्श बनना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उमा प्रजापति और डॉ. अजय कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. युवराज कसल, डॉ. राज कुमार, प्रो. रमेश गोयल, सहायक निदेशक विनोद कश्यप, प्राध्यापक सीमा मलिक और एनएसएस के स्वयंसेवक रोहित, काजल, साहिल, प्रिया और मोहित सहित अनेक विद्यार्थी मौजूद रहे। सप्ताहभर चलने वाले कार्यक्रम में स्लोगन लेखन, निबंध, पोस्टर, नाटक और भाषण प्रतियोगिताएं होंगी, जिनका विषय मित्रता, समावेशिता और आपसी सम्मान रहेगा।




# रेड क्रॉस प्रांगण में पौधरोपण नशा न करने की ली शपथ




**करनाल।** जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और प्रशिक्षणार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रशिक्षक अनीता रानी, संजीव कुमार, नरेश ढिल्लो, गुरप्रीत कौर और स्वयंसेवक सुमित, नीतू, रवि और पूजा भी उपस्थित रहे। अंकुश मिगलानी ने कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

# नगरपालिका ने फुटपाथ पर कब्जा करने वाले आठ दुकानदारों को भेजे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

तरावड़ी मे दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर के मुख्य बाज़ार, करनाली गेट के दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर कब्जा करने और दुकानों के आगे सामान को सजाने की शिकायतों पर नगरपालिका ने सख्त रुख अपनाया है। जिन दुकानदारों ने कब्जा किया है। उनको नगरपालिका टीम ने मौके पर जाकर नोटिस देकर सात दिन का समय दिया है। नगरपालिका सचिव अजीत कुमार ने चेतावनी देते हुये कहा कि फुटपाथ आम जनता के आवागमन के लिए होते हैं, न कि निजी दुकानों के विस्तार के लिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नोटिस के बाद भी यदि रैम्प नहीं हटाए गए, तो नगरपालिका अपनी कार्रवाई अमल में लाएगी और तोडफ़ोड़ में कोई ढील नहीं मिलेगी। सचिव अजीत कुमार ने यह भी कहा कि बार-बार चेतावनी के बावजूद कुछ दुकानदार नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने अपील की है कि सभी दुकानदार स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं, अन्यथा मजबूरन जेसीबी चलाकर उन कब्जों को हटाया जाएगा।

- अतिक्रमण किसी भी हाल में नहीं होगा बर्दाश्त, जल्द होगी तोड़फोड़ : सचिव




तरावड़ी। दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर बनाए गए रैम्प।

## खबर संक्षेप

### रमेश बने कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**पानीपत।** कांग्रेस हाईकमान ने रमेश मलिक निवासी गांव उग्राखेड़ी को पानीपत ग्रामीण जिला का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं पानीपत ग्रामीण जिला को 11 साल बाद अध्यक्ष मिला है। मलिक जहां बचपन से कांग्रेसी रहे है, वहीं वे सन 2010-2015 तक ब्लॉक समिति पानीपत के चेयरमैन भी रहे हैं। मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष जगदेव मलिक के चचेरे भाई है और साफ सुथरी छवि वाले इंसान है। मलिक को जहां सांसद दीपेंद्र हुड्डा का खास माना जाता है, वहीं रमेश, हरियाणा कबड्डी टीम के कप्तान रहे चुके है और अब भी सुबह के समय गांव के स्टेडियम में खिलाडियों के साथ खेलते है।

### बिजली कर्मियों ने प्रदर्शन किया

**पानीपत।** बिजली निगम के पानीपत अधीक्षक अभियंता सर्कल कार्यालय पर ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के बैनर तले चल रहा कर्मचारियों का आंदोलन बुधवार को 17वें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारी बिजली कर्मचारी जेई अंकित की बहाली की मांग कर रहे है। वहीं आंदोलनकारियों को बिजली कर्मचारी नेता सतेंद्र पूनिया, राकेश कुमार, जितेंद्र सैनी, प्रमोद शर्मा, अमित कुमार, अमित रावल, बलराम राणा शिवकुमार आदि ने संबोधित किया।

### इसराना में फाइनल रिहर्सल किया

**इसराना।** उपमंडल इसराना की नई अनाज मंडी में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। 13 अगस्त को क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों बच्चों और पुलिस की टुकड़ी ने फाइनल रिहर्सल किया। वहीं, इसरा के तहसीलदार नरेंद्र सिंह दलाल ने रिहर्सल की सलामी ली। तहसीलदार नरेंद्र दलाल ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की। स्मरणीय है कि स्वतंत्रता दिवस पर एसडीएम इसराना ध्वजारोहण करेंगे।

### नशे के खिलाफ विद्यार्थियों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने बुधवार को सुताना व जाटल गांव में सरकारी स्कूल व पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्रों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। अभियान के जिला नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। वहीं, विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करेंगे।

### जीडी गोयंका स्कूल में जन्माष्टमी पर्व मनाया

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व से मनाया गया। वहीं नन्हें मुन्ने बच्चे भगवान श्रीकृष्ण व राधा का स्वरूप बन कर स्कूल पहुंचे और भजनों पर जमकर नृत्य किया। स्कूल के चेयरमैन अतुल जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल, प्रधानाचार्या रेणुका अनेजा, वाइस चेयरमैन युवराज जैन, सीए कमल किशोर, एडवाइजर मुस्कान जैन, मैनेजर बलराम शर्मा आदि ने सभी को भगवान कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी।

### तिरंगा मानव श्रृंखला बना शहीदों के नमन किया

**पानीपत।** गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजाखेड़ी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य कार्यक्रम का आयोजित हुआ। स्कूल के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर तिरंगे के प्रति अपने सम्मान और समर्थन का प्रदर्शन किया। संजीव शास्त्री तथा नवीन कुमार ने प्रोग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर जितेंद्र सैनी, जयदेव, राजेश, कर्मवीर, प्रदीप खत्री, मनीष वर्मा, इंद्र सिंह, दिनेश, मनोज, कृष्ण सरोहा, विकास शर्मा, वीरेंद्र, प्रमोद, पूजा, रूबी गर्ग, कुसुम, मधु, परवीन कुमारी, मोनिका तथा सरोज उपस्थित रहे।

### अभद्रता करने वाले को पीटा

**इसराना।** गांव मतलौडा में पालतू गाय के साथ एक युवक ने अभद्रता की चेष्टा की। गोरक्षा दल के सदस्यों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर थाने ले गए।

---

### शहीदों को नमन किया, फूल बरसा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया

# भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम का प्रतीक है तिरंगा : प्रमोद विज

**आजादी के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही यात्रा का समापन हुआ**





पानीपत में शहीद स्मारक पर शहीदों को नमन करते हुए विधायक प्रमोद विज। व भाजपा की तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को पानीपत शहरी विधान सभा के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व विधायक प्रमोद विज ने किया। वहीं, यात्रा में शहर के हजारों नागरिक हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर उत्साह के साथ देश भक्ति नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। तिरंगा यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, नगर निगम महापौर कोमल सैनी, यात्रा की जिला संयोजक एवं पूर्व मेयर अवनीत कौर, संयोजक दिनेश सैनी, जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, सुनील सोनी, प्रवक्ता वेद पाराशर और भाजपा पार्षदों, महिला कार्यकर्ताओं व युवा मोर्चा के सदस्यों ने कार्यक्रम में भारत माता की जय और वंदेमातरम के जयकारों से माहौल को देशभक्तिमय बना दिया। जिला सचिवालय स्थित शहीद स्मारक पर आजादी के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही यात्रा का समापन हो गया। विधायक प्रमोद विज ने यात्रा के समापन पर मां भारती के अमर शहीदों को याद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वीर क्रांतिकारियों एवं शहीदों के सम्मान में चलाया गया हर घर तिरंगा अभियान देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाला और राष्ट्र प्रेम की भावना को प्रबल बनाने वाला जन अभियान बन गया है। वहीं, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा भारतीय सेना के द्वितीय शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है। यह यात्रा ऐसा गौरवशाली कार्यक्रम है जिसमें भारतीय सेना के पूर्व सैनिक, आम नागरिक हाथों में तिरंगा झंडा लेकर, देश की रक्षा के लिए सेना के बलिदानों को याद करते हैं और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं। दूसरी ओर, स्थानीय लोगों, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने भाजपा तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा कर व फूल मालाएं पहनाकर यात्रा का स्वागत किया। वहीं, तिरंगा यात्रा में पूर्व अधिकारियों व सैनिक कैप्टन एसके ओबेरॉय, कैप्टन राजेन्द्र, कैप्टन राजबीर शर्मा, ब्रिगेडियर सेठी, वेद शर्मा आदि ने भाग लिया। वहीं, पानीपत शहरी विधान सभा की तिरंगा यात्रा में कृष्ण रेवड़ी, रमेश, संजय अग्रवाल, राजेन्द्र, राहुल विज, रणजीत भाटिया, नीरू विज, डॉ. हेमा रमन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नेहा।, विजय, गौरव लीखा, मुनीश जावा समेत हजारों लोगों ने भाग लिया।

---



पानीपत। आईबी कालेज में पौधरोपण करते हुए प्राचार्य डॉ.शशि प्रभा मलिक, आदि।

## नशे की लत के विरूद्ध एकजुट हों टीचर्स व स्टूडेंट्सः डॉ. शशि

▪ आईबी पीजी कालेज में पौधे रोप कर अध्यापकों व विद्यार्थियों ली नशे के विरुद्ध शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

आईबी महाविद्यालय में भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब द्वारा पौधरोपण एवं नशे के खिलाफ शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि नशा जीवन का विनाश कर देता है। विद्यार्थियों को इससे दूर रहते हुए समाज को भी नशे के खिलाफ जागरूक करना चाहिए। हमारा महाविद्यालय इस संबंध में सचेत तौर पर विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर नशा विरोधी गतिविधियों का आयोजन करता है। यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब के संयोजक प्रो.अजय पाल सिंह ने कहा कि अगर विद्यार्थी जीवन में आगे बढ़ना चाहते हैं तो उन्हें सबसे पहले नशे को न कहना होगा। वहीं नशे की अंधेरी दुनिया में डूबे लोगों की नशे की लत छुड़वा कर उन्हें उजाले में लाना चाहिए, उनकी नशा छुड़वाने में मदद करनी चाहिए। सिविल अस्पताल में नशे से पीड़ित लोगों का निशुल्क उपचार किया जाता है। नशे की लत के विरूद्ध टीचर्स व स्टूडेंट्स एकजुट हों। उपप्राचार्या डॉ.किरण मदान ने विद्यार्थियों को नशा न करने और प्रकृति को बचाने का सन्देश दिया। इस अवसर पर डॉ.निर्मला, डॉ.नरवीर, राहुल, अजय, डॉ.सुनित शर्मा, डॉ.निधान सिंह, प्रो.सोनिया, प्रो.कनक शर्मा आदि ने विद्यार्थियों के साथ पौधे रोपे व नशे के विरूद्ध शपथ ली।

---

# समालखा नगर पालिका बनी नगर परिषद

▪ प्रदेश सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया, परिषद बनवाने को कपूर ने किया था संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ समालखा



समालखा नगर परिषद बनने पर खुशी में पीपी कपूर को मिठाई खिलाते हुए संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार ने नोटिफिकेशन जारी करके समालखा नगर पालिका का दर्जा बढ़ा कर नगर परिषद बना दिया है। पालिका सीमा वृद्धि कराने व नगर परिषद बनवाने के लिए लम्बे समय से संघर्षरत समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा संयोजक पीपी कपूर व मोर्चा सदस्यों रोहित लाहोट, विजेंद्र धीमान, पूर्व पार्षद जय भगवान शर्मा, बंटी धीमान, पूर्व पार्षद बॉबी जांगड़ा, मा.राजेंद्र मित्तल व सतीश वर्मा ने नगर परिषद बनने पर लड्डू बांट कर खुशी व्यक्त की है। संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने नगर परिषद बनने को जनता के संघर्ष की जीत बताते हुए कहा कि इससे विकास से वंचित कालोनियों में भी विकास के द्वार खुलेंगे। कपूर ने बताया कि समालखा में पहले ग्राम पंचायत हुआ करती थी, जोकि 20 हजार की आबादी होने पर वर्ष 1982 में नगर पालिका बनी थी। अब 43 वर्ष पश्चात 62561 जनसंख्या होने पर नगर पालिका का दर्जा बढ़ा कर नगर परिषद का गठन हुआ है।

---

# आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने नशे के विरूद्ध शपथ ली

**लोगों को जीवन का मूल्य समझाया**

▪ आज के समय में युवा नशे की लत के चलते अपना जीवन अंधकारमय बनाते जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत



आर्य कॉलेज में नशे के विरुद्ध जागरूकता पोस्टर बनाते हुए विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

आर्य पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 15 अगस्त 2020 को 272 चिन्हित जिलों में नशा मुक्त भारत अभियान शुरू किया गया था। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में युवा नशे की लत के चलते अपना जीवन अंधकारमय बनाते जा रहे हैं। नशों से दूर रहना चाहिए, साथ ही लोगों को जीवन का मूल्य समझाना चाहिए। वहीं, कॉलेज की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा डुडेजा और आस्था गुप्ता ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई।

---



पानीपत में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया शहीद स्मारक पर बलिदानियों के नमन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### पानीपत में भव्य होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**पानीपत।** पानीपत में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य समारोह शिवाजी स्टेडियम के मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की फाइनल रिहर्सल उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के दिशानिर्देशन में बुधवार को शिवाजी स्टेडियम के मैदान में की गई। वहीं डॉ दहिया व पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह ने सबसे पहले जिला सचिवालय स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की व उसके पश्चात फाईनल रिहर्सल अवलोकन किया और उन्होंने समारोह को भव्य बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्मरणीय है कि स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण बतौर मुख्य अतिथि भाग लेते हुए ध्वजारोहण करेंगे। दूसरी ओर, स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने फाइनल रिहर्सल में अपनी प्रस्तुति दी। इसके अलावा पुलिस परेड, एनसीसी और स्काउट एण्ड गाईड के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न कार्यक्रमों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, पीटी शो व अन्य कार्यक्रम की फाईनल रिहर्सल भी की गई। इस अवसर पर सीटीएम टीनू पोशवाल, एसडीएम मनदीप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा समेत भी विभागाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

---

# देश की तरक्की में प्रजापति वर्ग का विशेष योगदान : ढांडा

▪ प्रजापत वर्ग के लोगों को जिला स्तरीय कार्यक्रम में पात्रता प्रमाण पत्र किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत



पानीपत। जिला सचिवालय में समाजसेवी हरपाल ढांडा प्रजापति वर्ग के लोगों को पात्रता प्रमाण पत्र भेंट करते हुए। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के भाई एवं प्रमुख समाज सेवी हरपाल ढांडा ने बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय पात्रता प्रमाण पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया व प्रजापति वर्ग के लोगों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरित किए और बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ग का समाज में विशेष योगदान रहा है। उनके द्वारा तैयार किए गए बर्तन प्राचीन संस्कृति को जीवित रखे हुए हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उनके लिए एक विशेष योजना बनाकर उनको मुख्य धारा में शामिल करने का जो प्रयास किया है इस से उनके जीवन में रोशनी की नई किरण जगेगी व उनका जीवन स्तर ऊंचा उठेगा। भविष्य में मुख्यमंत्री नायब सैनी की यह पहल उनके सामाजिक और आर्थिक उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने विभिन्न गांव के लोगों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में पहुंचने पर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने उन्हें बुके व शॉल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा ने मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा, उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया व पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह का पौधे व शॉल देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों की समस्याओं को उपायुक्त ने जाना व समाधान करने का आश्वासन दिया। डीसी डॉ. दहिया ने कार्यक्रम में प्रजापति वर्ग के लोगों को समाज का अभिन्न अंग बताते हुए उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि प्रजापति वर्ग को पारंपरिक कौशल को आधुनिक तकनीकों के साथ जोड़ कर इसे और आगे बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा, जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण, डिप्टी सीईओ कंचन लता, बीडीपीओ शीतल, नितिन यादव, शक्ति सिंह के अलावा विभिन्न गांव के सरपंच और ग्राम सचिव और मौजूद रहे।

---



उत्तर प्रदेश की सीमा पर वाहनों की जांच करते हुए पानीपत पुलिस। फोटो: हरिभूमि

# जनता से सहयोग मांगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने आमजन से अपील की है कि शहर या ग्रामीण अंचल के किसी भी क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध किस्म की वस्तु या व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस कन्ट्रोल रूम या संबधित थाना प्रबंधक या चौंकी इंचार्ज या डायल 112 को दे। कानून एव सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखनें में जिला पुलिस का सहयोग करें।

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ**

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**प्रार्थी आनन्द मितल पुत्र श्री नरेश मितल निवासी मकान नं. 986 दुर्गा एन्कलेव सेक्टर 12 हुड्डा पानीपत जिला पानीपत का रहने वाला है।**

**जनरल पब्लिक**

**बनाम**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि आनन्द मितल पुत्र श्री नरेश मित्तल निवासी मकान नं. 986 दुर्गा एन्कलेव सेक्टर 12 हुड्डा पानीपत जिला पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी की पत्नी श्रीमति शफफाली मितल पत्नी श्री आनन्द मितल का स्वर्गवास दिनाक: 31/03/2022 को हो चुका है। प्रार्थी की पत्नी श्रीमति शफफाली मित्तल की मृत्यु के बाद उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं जिसकी वारसान की तसदीक नगरनिगम पानीपत पार्षद श्री अमित नारंग (वार्ड नं. 15. पानीपत) व मौका पुछताछ में लेखराज पटवारी द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारिसों की तसदीक की गई है:-

1. आरूषी मितल पुत्री 2. राधिका मितल पुत्री, 3. इशिका मितल पुत्री पुत्रीयान स्व. श्रीमति शफफाली मितल पत्नी श्री आनन्द मितल है कुल तीन जायज वारिस हैं। अन्य कोई वारस / उत्तराधिकारी नहीं है।

इनके अलावा मृतक श्रीमति शफफाली मितल पत्नी श्री आनन्द मित्तल का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 12/8/2025 न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

क्रमांक नं. 861

**तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

---

### एसडी कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग व एनएसएस के संयुक्त रूप से शुरू किया नशा मुक्त अभियान

# इंसान के नाश की जड़ है नशे की लतः डॉ. अनुपम

▪ युवाओं को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी नशे से मुक्ति दिलाने हेतु शपथ दिलवाई गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत





पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, आदि नशे के विरुद्ध पौधा रोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में स्वास्थ्य विभाग सिविल हॉस्पिटल पानीपत और कॉलेज एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान व नशा निषेधक अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डॉ. ललित वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता विनोद अग्रवाल का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने किया। जबकि डॉ. संतोष कुमारी ने युवाओं को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी नशे से मुक्ति दिलाने हेतु शपथ दिलवाई। विदित रहे कि कॉलेज में मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर जागरूकता केंद्र पहले से स्थापित है। इधर, सभी मेहमानों ने पौधा रोपण किया। वहीं, डॉ. ललित वर्मा ने कहा कि युवा शुरू में तो प्रयोग और मजाक के तौर पर नशे का सेवन करते है परन्तु धीरे-धीरे यह उनकी आदत में शामिल हो जाता है। पहले वे नशे को पीते है, बाद में नशा उनको पीने लगता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कसम उठवाई की प्रत्येक विद्यार्थी कम से कम एक नशा करने वाले व्यक्ति को इस बुरी आदत से निजात दिलाने में मदद करेगा। प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि नशे की लत इंसान के नाश का कारण कनबनी है। वहीं समाज में फैली हिंसा, अपराधों और सड़क दुर्घटनाओं के पीछे नशा की लत बड़ी वजह है। उन्होंने कहा कि नशे के व्यापार को चलाने वाले माफिया की अंतिम कड़ी को पकड़ कर जेल की सलाखों के पीछे भेजना हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

**हमें हमेशा सकारात्मक रहना चाहिए**

उन्होंने सभी युवाओं से अपील की कि वे सदा नशे से दूर रहेंगे। नशे का सबसे बुरा प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ता है। हमें जीवन में सदा अपने माता-पिता और गुरुओं की बात माननी चाहिए। इससे हममे अच्छे संस्कार और मूल्य पैदा होंगे जिनसे हमें बुराइयों से लड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा सकारात्मक रहना चाहिए तथा खुद को खेल-कूद, किताबों एवं अन्य ऐसे उपायों में व्यस्त रखना चाहिए जिससे हमारा मन भटके नहीं। यदि इतने उपाय करने के बाद भी हम नशा छोड़ने में सफल न हो तो हमें विशेषज्ञ एवं नशा मुक्ति केंद्र से परामर्श एवं मदद लेनी चाहिए।

